राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र निदेशक ने भेंट की 'शौर्य आर्ट एलबम'

जयपुर, 6 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता ने शुक्रवार को यहां राजभवन में शौर्य आर्ट से सम्बन्धित दो एलबम की प्रथम प्रति भेंट की। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रकाशित 'शौर्य आर्ट—एक' में महिला स्वतंत्रता सेनानी तथा दूसरे एलबम में पुरुष स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र, उनके जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को आकर्षक कलाकृतियों के रूप में संजोया गया है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा शौर्य आर्ट शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर के कलाकारों द्वारा स्वाधीनता संग्राम एवं स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित कलाकृतियों का निर्माण किया गया था।

———